220 बच्चों को स्कूल में काढ़ा पिलाया

पुष्कर। मौसमि बीमारियों की रोकथाम एवं उसके उपचार के लिए राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) पुष्कर की ओर से शनिवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चावंडिया, एवं नायकों की ढाणी में छात्र-छात्राओं एवं स्कूल स्टाफ को काढ़े का वितरण किया गया। इस दौरान डॉक्टर स्वाति जैन आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं राजकीय आयुर्वेद औषधालय चावंडिया के सानिध्य में लगभग 220 छात्र छात्राओं को काढ़ा वितरण किया गया। इस दौरान आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक दो हनुमान मीणा सीनियर कंपाउंड एहसान अहमद सुमन सत्रवला भी मौजूद रही। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय की हेड मास्टर शारदा कुमारी ने बताया कि चावंडिया स्कूल में 110 बच्चों को काढ़ा पिलाया गया और आयुर्वेद विभाग की ओर से जानकारी दी गई। नायकों की ढाणी की ओर से गोपाल सिंह ने बताया कि सो से ज्यादा बच्चों को क्वाथ का वितरण किया गया। जिससे बच्चों में संक्रमण नहीं फैले। चावंडिया स्कूल में अध्यापक सीमा शर्मा, सविता पाराशर, संध्या साहू, श्रीमती ज्योति कुमारी, राजपूत राजेश्वरी संतोष शर्मा, रणजीत सिंह राठौड़ मौजूद रहे और सभी ने बच्चों में ज्यादा संक्रमण नहीं फैले इसको लेकर उन्हें सजग किया एवं खड़ा वितरण में सहयोग किया।

खाद्य विभाग की टीम ने सरवाड व सराना पहुंचकर खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए

- टीम ने सरवाड़ व सराना कस्बे में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही की

सरवाड़। सरवाड खाद्य विभाग की टीम ने शनिवार को सरवाड के विभिन्न बाजारों में पहुंचकर खाद्य पदार्थो के सैंपल लिए वही टीम के शहर में पहुंचने के बाद दुकानदारों में हड़कम्प मच गया तथा टीम की जानकारी मिलते ही कई दुकानों के शटर नीचे हो गए वहीं खाद्य सुरक्षा दल की टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजमेर अजय गोयल एवम खाद्य सुरक्षा अधिकारी केकडी के शरीनन्दन शर्मा के नेतृत्व में शहर में स्थित दो मिठाई की दुकानों से मिठाई मावा एवम एक किराने की दुकान से मिर्ची का सेम्पल लेकर जांच के लिए सुरक्षित रखा वही उक्त सैम्पल्स की लेबोरेटरी में जांच के बाद ही पता चलेगा वही खाद्य सुरक्षा दल की टीम सरवाड़ पहुंचने पर दुकानदारों में हड़कम्प मच गया वहीं सराना में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवम् ड्रग कंट्रोल एवम् अतिरिक्त आयुक्त के निर्देशानुसार प्रदेश में चलाए जा रहे अभियान शुद्ध आहार मिलावट पर वार के अंतर्गत दीपावली के त्यौहार पर खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के निर्देश पर फूड सेफ्टी टीम ने कार्यवाही करते हुए मिठाई के सात नमूने व मसाले का एक नमूना लिया गया वहीं

सरवाड़ मिठाई की दुकान पर खाद्य विभाग के अधिकारियों ने सैंपल लिए।

अभिहित अधिकारी (खाद्य सुरक्षा) एवम् मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ज्योत्सना रंगा तथा सीएमएचओ टीम ने सरवाड़ व सराना कस्बे में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही की गई खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय मोयल ने बताया कि टीम द्वारा लिंक रोड पर मेसर्स जोधपुर मिष्ठान भंडार के कारखाने का निरीक्षण किया गया और गुलाब जामुन व मावा मिठाई के नमूने खाद्य सुरक्षा एवम् मानक अधिनियम में लिया गए जिसकी जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी? दल ने सदर बाज़ार गोरूराम माणिकचंद जैन से लाल मिर्च पाउडर का एक नमूना और सराना बारह मील चौराहा मैसर्स सवाई भोज स्वीट्स एंड नमकीन से मावा मिठाई का एक नमूना लिया गया खाद्य सुरक्षा अधिकारी केसरी नंदन शर्मा ने बताया कि सरवाड़ में बाज़ार में निरीक्षण के दौरान बाज़ार में किराना व्यापारियों व मिठाई की दुकान वालो ने अपनी दुकानें बंद कर दी सभी की फोटोग्राफी की गई है उन के खलि़फ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नोटिस जारी कर सख्त् कार्यवाही की जाएगी वहीं मिठाई दुकानों पर कार्यवाही करते हुए मेसर्स अठावाल मिष्ठान भंडार सदर बाज़ार से मावा मिठाई का एक नमूना लिया गया साथ ही साफ़ सफ़ाई रखने और अच्छी क्वालिटी की सामग्री उपयोग में लेने हेतु पाबंद किया गया खाद्य सुरक्षा दल द्वारा आगे भी त्यौहारी सीजन को देखते हुए मिलवाट करने वालो और घटिया सामग्री बेचने वालों के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी।

मेडता विधानसभा क्षेत्र में ट्यूबल व हेडपंप स्वीकृत

- जलदाय मंत्री का जताया आभार
- ट्यूबल स्वीकृत होने पर ग्राम वासियों ने विधायक कलरू का अभिनंदन किया।

मेडता सिटी। मेडता विधायक लक्ष्मण राम कलरू की अनुशंसा पर मेडता विधानसभा क्षेत्र के निम्न गांवों में ट्यूबवैल व हेडपंप स्वीकृत किए गए जिसको लेकर मेडता विधायक लक्ष्मण राम कलरू ने राजस्थान सरकार के यशश्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार व्यक्त किया। मेडता विधायक लक्ष्मण राम कलरू ने बताया कि मेडता विधायन सभा क्षेत्र में ट्यूबल व हेडपंप स्वीकृत किए गए जिसमे ट्यूबल गौशाला ग्राम खाखडकी, गौशाला ग्राम लीलियां, राउप्रावि खेल मैदान ठााम डॉतोलाई, मूंदडा की ढाणी ग्राम कूंपडास ग्राम चौहान नगर बीटन वही हेडपंप उम्मेदराम बाजिया की ढाणी, सैंसडा, पुनाराम पूसाराम मेघवाल की ढाणी, सैंसडा, दग्दियों की ढाणी, जाटावास, चौकीदारों की ढाणी, रामनगर, जाटावास राजकीय स्कूल के पास ग्राम रलियावता मोडाराम जी मंदिर के सामने लूंगिया ओमप्रकाश वैष्णव की ढाणी बडायली, भंवाल माता मंदिर व गांव के बीच भंवाल, मंगल देवडा की ढाणी, झीटिया, मेघवालों की ढाणी, झीटिया में हेडपंप स्वीकृत किए। ट्यूबल व हेडपंप स्वीकृत होने पर ग्राम वासियों ने मेडता विधायक लक्ष्मण राम कलरू का अभिनंदन किया।

पुलिया का निर्माण कार्य शुरू

मदनगंज-किशनगढ (निस)। संत नागरी दास पैनोरमा मोखम विलास की ओर जाने के लिए गुंदोंलाव झील में नवीन पुलिया का निर्माण कार्य शुरू हो गया। भाजपा नेता महेंद्र पाटनी ने बताया कि करीब 6 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से बनने वाली पुलिया का निर्माण कार्य करने के लिये क्षतिग्रस्त पुलिया के आस-पास पानी के लेवल की जांच पडड़ाल करने के बाद निर्माण कार्य में तेजी आ सकेगी। अक्टूबर माह 2018 में तत्कालीन भाजपा सरकार द्वारा एक करोड चालीस लाख रुपये की लागत से पुलिया के पुनर्निर्माण के लिए बजट स्वीकृत कर तत्समय निविदा जारी की गई, किंतु सरकार बदल जाने पर निर्माण की प्रक्रिया ठप्प हो गई। भाजपा नेता पाटनी ने अजमेर प्रभारी पीडब्ल्यूडी मंत्री दिया कुमारी को अवगत कराने के पश्चात पर्याप्त बजट स्वीकृत कर आदेश जारी हो सके।

डेयरी उत्पादकों की विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल से भेंट

अजमेर। डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने शनिवार को एक दिवसीय अजमेर दौरे पर आए राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से मुलाकात कर किसानों की विभिन्न समस्या को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। डेयरी अध्यक्ष चौधरी ने बताया कि राष्ट्रपति के निर्देशों के अनुसार राज्य सरकार ने प्रदेश के दुग्ध उत्पादको के गत आठ माह से मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के 5 रुपए प्रति लीटर अनुदान राशि के चार माह का भुगतान हो चुका है तथा शेष चार माह का भुगतान अभी बकाया है। राज्य सरकार द्वारा पूर्व में मिड डे मील योजना में मोटा अनाज बच्चो को वितरा करने के मानस को बदलकर आपकी इच्छा अनुसार दूध पाउडर देने का निर्णय लेकर पाउडर पैकिंग हम जिला संघों से पैकिंग का कार्य प्रारम्भ हो चुका है, इस संबंध में हमारा

डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से भेंट की।

विशेष अनुरोध है कि पाउडर पैकिंग की राशि का 30 प्रतिशत पूर्व की भांति अग्रिम दिया जाए। राज्य सरकार द्वारा गोपालक क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत सहकारी क्षेत्र के पशुपालकों को एक लाख रुपए का ऋण ब्याज मुक्त देने कि प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी है। परन्तु प्रक्रिया की जटिलता के कारण अब तक पूरे प्रदेश में किसी भी पशुपालक को ऋण की राशि प्राप्त नहीं हुई है।

पटाखा लाइसेंस के 276 आवेदन दाखिल

अजमेर, 19 अक्टूबर (कासं)। दीपावली पर्व में जहां दस दिन शेष हैं, वहीं पटखा विक्रेताओं को अभी तक लाइसेंस का इंतजार है। लाइसेंस के लिए जिले भर के कारीब 276 व्यापारियों ने आवेदन किए है। जिला प्रशासन लाइसेंस ने जारी करने के लिए पुलिस रिपोर्ट मांगी है। जिला प्रशासन ने दुकानों पर केवल ग्रीन आतिशबाजी (ईको फ्रेंडली) पटाखों की बिक्री को ही अनिवार्य माना है। साथ ही नियमों के अनुरूप दुकान संचालन की अपील भी की है। जिला प्रशासन ने एनजीटी के आदेशों की पालना के लिए सख्त कदम उठाए हैं। पटखा दुकान लगाने के लिए व्यापारियों को जन सुरक्षा की दृष्टि से विस्फोटक सामग्री या विस्फोटक पदार्थ की एक दुकान से दूसरी दुकान के मध्य दूरी करीब 15 मीटर होना चाहिए। दुकान पर अग्निशमन यंत्र, बालू से भरे कट्टे, पानी की बाल्टियां और वाटर स्टोरेज अनिवार्य है। दुकान ऐसी जगह पर होनी चाहिए जहां अग्निशमन वाहन आसानी से पहुंच सके, पक्की दुकान में बिजली के वायर और उपकरणों की फिटिंग दुरुस्त होनी चाहिए। एनजीटी के आदेश के तहत ग्रीन पटाखों की बिक्री ही की जा सकती है। क्या होते हैं ग्रीन पटाखे : सुप्रीम कोर्ट ने तय सीमा में आवाज और धुएं वाले पटाखों को ही ग्रीन यानी इको फ्रेंडली पटाखा माना है। ग्रीन पटाखे देखने, जलने और आवाज में सामान्य पटाखों की तरह होते हैं। लेकिन इनसे प्रदूषण कम होता है। इनमें नाइट्रोजन ऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड की कम मात्रा इस्तेमाल होती है। सामान्य पटाखों की तुलना में इन्हें जलाने पर 40 से 50 प्रतिशत तक कम हानिकारक गैस पैदा होती है। ग्रीन पटाखों से प्रदूषण अन्य सामान्य पटाखों की तुलना में कम होता है। ग्रीन पटाखों से अन्य पटाखों ग्रीन श्रेणी में आने वाले पटाखों के लिए उत्पादक को एक सर्टिफिकेट नीरी द्वारा दिया जाता है।

गगणवेश की सेवा

अजमेर। विश्व के सबसे बड़ा सेवा संगठन लायंस क्लब्स इंटरनेशनल 3233 ई 2 की शाखा लायंस क्लब अजमेर आस्था एवं लायंस क्लब सुमेरपुर जवाई के संयुक्त तत्वावधान में सुमेरपुर के ग्रामीण क्षेत्र की राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के 250 छात्र छात्राओं को दीपावली पर्व के शुभ दिन पहनने हेतु नवीन वस्त्र की सेवा भेंट की गई। क्लब अध्यक्ष लायन रूपेश राठी ने बताया कि क्लब के वरिष्ठ साथी समाजसेवी लायन राकेश पालीवाल, लायन मधु पाटनी एवम अन्य भामाशाहों के सहयोग से लायन अतुल पाटनी के संयोजन में वस्त्र की सेवा अजमेर से सुमेरपुर लायंस क्लब्स इंटरनेशनल 3233 ई 2 के प्रांतीय सभापति एवं सुमेरपुर जवाई के वरिष्ठ सदस्य लायन श्रवण राठी के मुख्य आथित्य में वितरण हेतु भेजी गई।

अग्रवाल समाज का दीपावली स्नेह मिलन 8 को

अजमेर। अग्रवाल समाज अजमेर के संरक्षक मंडल, पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों, आमन्त्रित व विशेष आमन्त्रित सदस्यों तथा क्षेत्रीय सचिव (समूह संयोजक) की बैठक शनिवार को दोपहर में हनीड्यू रेस्टोरेंट, स्टेशन रोड, अजमेर में संस्था अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गयी जिसमें अग्रवाल समाज अजमेर की ओर से 8 नवंबर शुक्रवार को जनकपुरी गंज अजमेर में दीपावली स्नेह मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने सहित अन्य कई भावी कार्यक्रमों के बारे में विचार विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिये गये। अग्रवाल समाज अजमेर के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व महासचिव सतीश बंसल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रारम्भ में संस्था के मुख्य संरक्षक रमेशचंद अग्रवाल व हनुमान दयाल बंसल, संरक्षक उमेशचंद गुप्ता, कैलाशचंद अग्रवाल, अशोक गोयल, कमल किशोर गर्ग, गिरधर गोपाल गोयल, श्रीमती स्नेहलता मंगल व छाया गर्ग, अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, महासचिव प्रवीण अग्रवाल व कोषाध्यक्ष दिनेश प्रणामी आदि पदाधिकारियों ने श्री अग्रसेन महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया त इसके पश्चात महासचिव सतीश बंसल ने गत कार्यसमिति की बैठक का कार्यवाही विवरण पढ़कर सुनाया जिसका सभी ने अनुमोदन किया।

पट्टों के नवीनीकरण में सरपंच वीडिओ के फर्जी हस्ताक्षर

मांडलगढ। काछोला उप तहसील कार्यालय में ग्राम पंचायत काछोला द्वारा करीब सात साल पहले जारी किए गए भूखण्डों के पट्टों के नवीनीकरण में फर्जी हस्ताक्षर कर पंजीयन कराने का मामला सामने आया हैं। इस मामले को लेकर काछोला के मौजूदा सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी ने 7 पट्टाधारियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया हैं। सूत्रों के मुताबिक उक्त फर्जीवाड़े में माफिया गिरोह के दो मास्टर माइंड सदस्यों के शामिल होने की जानकारी सामने आ रही हैं।

काछोला ग्राम पंचायत के सरपंच रामपाल बलाई व ग्राम विकास अधिकारी भरत तिवाड़ी द्वारा काछोला थाने में दी गई रिपॉर्ट में बताया कि काछोला गांव के 7 भूखण्ड पट्टाधारी लोगों ने मौजूदा सरपँच व विडिओ के फर्जी हस्ताक्षर, मोहर व सोशल मीडिया अकाउंट से फ़ोटो अपलोड कर प्रिंट बनाई गई और पट्टों का नवीनीकरण किया गया तथा 18 अक्टूबर को काछोला उप तहसील कार्यालय में पट्टों का पंजीयन करा लिया। जिससे ग्राम पंचायत को 45 लाख राशि के राजस्व की हानि पहुंचाई गई हैं।

सरपंच रामपाल बलाई व ग्राम विकास अधिकारी भरत तिवाडी को उक्त मामले की भनक लगी तो काछोला थाने में मामला दर्ज कराया हैं। जिसमे पट्टाधारी काछोला निवासी देवकिशन सुथार, रेणु कुमारी मीणा, कमलेश कुमार मेघवंशी, प्रेमचंद रेगर, बंशीलाल बलाई, कैलाश चंद्र बलाई, राजू लाल बलाई व शम्भु लाल के ख़िलाफ़ थाने में रिपोर्ट दी गई हैं। वहीं ग्राम पंचायत काछोला ने उप पंजीयन कार्यालय से विगत दिनों में फर्जीवाडा से हुई रजिस्ट्रियों का रिकॉर्ड भी माँगा गया हैं। सूत्रों के मुताबिक वर्ष 2017-18 में काछोला ठाम पंचायत में पूर्व में रहे एक कार्मिक ओर रलायता के एक पूर्व जनप्रतिनिधि की संदिग्ध भूमिका निकल कर सामने आ रही हैं। बताया जा रहा हैं कि पट्टाधारियों को झांसे में लेकर बड़ी डील के साथ फर्जीवाडा किया गया हैं। ग्राम पँचायत के राजकोष को 45 लाख राशि का चूना लगाया गया हैं।

रामपाल बलाई सरपंच काछोला ने कहा कि मेरे ओर मौजूदा विडिओ के फोटो, फर्जी हस्ताक्षर, सील का उपयोग कर पुराने भूखण्डों के पट्टों का नवीनीकरण कर पंजीयन कराने की जानकारी मिली हैं। उपतहसील कार्यालय से पट्टाधारियों के नाम की सूची लेकर थाने में मामला दर्ज कराया गया हैं। उच्चाधिकारियों को पुराने पट्टों की जाँच कराने के लिए पत्र प्रेषित किया गया हैं। श्रद्धा पचौरी, थानाधिकारी, काछोला का कहना है क काछोला सरपँच ओर विडिओ के सयुंक्त हस्ताक्षर से पेश की गई रिपोर्ट के मामले की जाँच की जा रही हैं, एक दो दिन में जाँच कार्रवाई पूर्ण कर अठिम कार्रवाई की जाएगी।

श्रमिकों को भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति के बारे में बताया

मसूदा। शनिवार को भारतीय मजदूर संघ की जिला कार्य समिति की बैठक राज दरबार गार्डन, मसूदा रोड में संपन्न हुई। शंकर सिंह लगेत ने बताया कि राजस्थान प्रदेश के महामंत्री हरिमोहन शर्मा व विनीत कुमार जैन संभाग संगठन मंत्री भारतीय मजदूर द्वारा जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह चौहान की अध्यक्षता में मासिक बैठक संपन्न हुई सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत विश्वकर्मा भगवान, भारत माता व दत्तोपंत जी ठेंगड़ी की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई तत्पश्चात प्रदेश महामंत्री हरिमोहन शर्मा व संभाग संगठन मंत्री विनीत कुमार जैन, जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह चौहान, जिला संरक्षक दिलीप सेन, जिला मंत्री दिलीप जांगिड़ का साफा व अपर्णा पहनाकर स्वागत किया गया प्रदेश महामंत्री जी द्वारा नवगठित ब्यावर जिले में मजदूरों के हितों की रक्षा हेतु गांव गांव व श्रमिकों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनना व नई यूनियंस को खड़ा करना व भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति के बारे में बताया। 23 जुलाई 2025 में भारतीय मजदूर संघ अपने 70 वर्ष पूर्ण कर रहा है से बीएमएस 70 विषय पर विस्तृत चर्चा व योजना।कार्य विस्तार व दृढ़ीकरण (नई यूनियंस का पंजीयन व सदस्यता वृद्धी) जिलों में गुणवत्ता वृद्धि हेतु जिलों कों ,,ण,उ में श्रेणीकरण पर

मसूदा में भारतीय मजदूर संघ की जिला कार्य समिति की बैठक राजस्थान प्रदेश के महामंत्री हरिमोहन शर्मा की मौजूदगी में हुई।

विस्तृत चर्चा की।भारतीय मजदूर संघ पंच परिवर्तन पर्यावरण दिवस, समरसता दिवस, स्वदेशी जागरण, नागरिक कर्तव्य व कुटुंब प्रबोधन पर प्रकाश डाला जिससे हम राष्ट्रहित, उद्योग हित व श्रमिक हित से भारत देश को एक विकसित राष्ट्र बनाएंगे जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह जी द्वारा आश्वस्त किया गया कि भारतीय मजदूर संघ ब्यावर को पूरे प्रदेश में नंबर एक पर लाएंगे वह चौदह नई यूनियंस का गठन करेंगे।कार्य समिति बैठक में श्री सीमेंट, अंबुजा सीमेंट, बांगड़ सीमेंट, आंगनवाड़ी, पेंटर संघ, बारदाना, काष्ठ कला संघ, नगर परिषद सफाई कर्मचारी संघ, से मधु शर्मा, हेमलता शर्मा, नीलम गहलोत, किरण प्रजापति, जितेंद्र गुर्जर, मोहन काठात, घीसू सिंह, लक्ष्मण सिंह, बलवीर सिंह, सरदार अली, ललित कुमार दगदी, भूपेंद्र सिंह राठौड़, नीरू काठात, मनोहर सिंह, राजेंद्र भाटी, सोहन सिंह रावत, जय किशन सांखला, निर्मल कुमार शर्मा, मदन लाल चोरोटिया, राजेंद्र कुमार चौहान, भगवान सिंह, अजीत सिंह, मोहन सिंह रावत, शंकर सिंह रावत आदि उपस्थित रहे।

सार-समाचार

सफाई को लेकर निर्देश दिए

दीपावली के त्योहार के मददेनजर शहर की सफाई कराई।

मेडता सिटी। दीपावली पर्व को लेकर नगरपालिका एक्शन मोड में नजर आई। पालिका के अधिशाषी अधिकारी प्रकाश डूडी ने दीपावली के त्यौहार को देखते हुए नगर पालिका सफाई कर्मचारी की आवश्यक मीटिंग बुलाई गई जिसमें शहरवासी को किसी प्रकार की सफाई को लेकर परेशानी ना हो उसको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। वही एस आई, जमादार व अस्थाई जमादारों को दिपावली के पावन अवसर पर शहर को साफ सुथरा रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सफाई निरीक्षण द्वारा जमादार कि पूरी मोनिटरिंग कर कार्य करवाए जाये। इसके मध्य नजर शहर में सफाई व्यवस्था की मोनिटरिंग करते हुए जमादार कैलाश जावा अस्थाई जमादार मूलाराम जावा की उपस्थिति में शहर के मुख्य मार्गों पर सफाई व्यवस्था की गई।

अध्यक्ष ने किया स्कूलों का दौरा

शाहपुर। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) फूलिया कला की ओर से अध्यक्ष हनुमान प्रसाद शर्मा एवं सभाध्यक्ष रामगोपाल मीणा ने आज फुलिया कला तहसील के विद्यालयों में जाकर आगामी 25 - 26 अक्टूबर को मालिनी वाटिका, शाहपुरा में आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक अधिवेशन में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया इसमें जिले से लगभग 1000 शिक्षक भाग लेंगे फूलिया कला, डोहरिया के विभिन्न विद्यालयों में आमंत्रण पत्र दिए गए सभी शिक्षकों ने सम्मेलन में बढ चढकर भाग लेने हेतु आश्वासन दिया गया।

बिजली उपभोक्ताओं को राहत

अजमेर। आदर्श नगर के परबतपुरा में टाटा पावर ने शनिवार को जनसुनवाई कर बिजली उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की। टाटा पावर के चीफ कम शियल भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि टीपीडीएल सीईओ के निर्देश पर जन सुनवाई कर बिजली उपभोक्ताओं को राहत दी जाती है। जनसुनवाई में बिलिंग, बकाया और विद्युत कनेक्शन आदि शिकायतों का समाधान किया गया। आज जनसुनवाई में विशेष तौर से फेस मिसिंग की कंप्लेंट आई हैए जो भी कंप्लेंट आई है, उसको संबंधित डिपार्टमेंट में भेज दी गई है ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान जल्द हो सके। उन्होंने बताया कि आगामी दीपावली पर्व के चलते टीपीडीडीएल की टीमों को अलर्ट कर दिया है ताकि शहरी क्षेत्रों में विद्युत समस्या न हो।

सडकों की समस्या पर चर्चा आज

अजमेर। विजन अजमेर संस्था द्वारा सडकों की समस्या व समाधान पर परिचर्चा रविवार को प्रात: 11:15 से 1 बजे तक डॉ.आकाश माथुर निदान डाइजेस्टिव हेल्थ सेंटर ज्ञानमार्ग पंचशील हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पर आयोजित होगी। परिचर्चा में आमजन, संस्थाएं सडकों की समस्या पर अपने विचार रखेगें व विशेषज्ञों द्वारा अल्पकालीन व दीर्घकालीन सुझाव दिए जाएंगे, जिसे शासन प्रशासन तक विभिन्न माध्यमों से पहुंचाया जाएगा। परिचर्चा में अजमेर के प्रबुद्धजनों व संस्था प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है व उनके सुझाव लिखित व ईमेल के माध्यम से सरकार को भेजे जाएंगे।

शिक्षक संघ अजमेर के चुनाव 20 को

अजमेर। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला शाखा अजमेर के चुनाव 20 अक्टूबर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तोपदडा में आयोजित होंगे। जिला मंत्री चेतन प्रकाश जिन्दागल ने बताया कि जिला अजमेर के चुनाव जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश चंद शर्मा एवं पर्यवेक्षक शिवरतन कुमावत की देखरेख में आयोजित होंगे। 20 अक्टूबर को सुबह 8 बजे अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा, नामांकन प्रस्तुत करने का समय प्रात: 9 प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन 11:30 किया जाएगा, नामांकन फार्म व जांच एवं नाम वापस लेने का समय दोपहर 12:30 बजे तक रहेगा, प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन दोपहर एक बजे तक किया जाएगा। यदि मतदान की आवश्यकता हुई तो 1:30 से 3 तक के मध्य मतदान कराया जाएगा। मतगणना एवं चुनाव परिणाम मतदान के तुरंत पश्चात किया जाएगा। जिला अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि जिला अजमेर में अजमेर जिले की सभी आठ उपशाखाओं के जिला महासमिति सदस्य इस चुनाव में भाग लेंगे।

युवक गंभीर से घायल

केकड़ी। केकड़ी के सदर बाजार में विचरण करने वाले सांडो की लड़ाई में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि घटना में एक स्वर्णकार व्यवसायी का काउंटर पूरी तरह से चकनाचूर हो गया। घटना में घायल हुए युवक को राजकीय जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां उसका उपचार किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शनिवार शाम करीब 4 बजे सदर बाजार गणेश प्याऊ के पास विचरण करते एक गाय और सांड आपस मे भिड़ गए और पवन कुमार सोनी की दुकान पर लगे कांच के काउंटर पर गिर गए। अचानक हुए घटनाक्रम में दुकान के काउंटर के पास खड़ा सत्यप्रकाश सोनी सांड की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। सत्यप्रकाश सोनी के शरीर मे कांच के टुकड़े फंस गए। घटना के बाद यहां लोगो की भीड़ इकट्ठी हो गई और घायल को लहूलुहान हालात में तुरंत अस्पताल लेकर रवाना हुए। सत्यप्रकाश सोनी के चेहरे, सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई है। इस घटना में पवन सोनी की दुकान का काउंटर पूरी तरह से चकनाचूर हो गया और सड़क पर कांच ही कांच हो गए। काउंटर में रखे चांदी के सामान भी सड़क पर फैल गए।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन उत्तर अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

क्रमांक: LU2012/ADA/2024-25/101242 दिनांक- 7/10/2024

लोक सूचना

श्री SH ASHOK KUMAR PUROHIT पुत्र श्री SH ANAND PRAKASH PUROHIT जाति GENRAL निवासी MASUDA, AJMER, ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का पर्यटन ईकाई प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	चावियावास, अजमेर (अजमेर)	ASHOK KUMAR PUROHIT	830	1253	0.01253
		ANAND PRAKASH PUROHIT			
				कुल	0.01253

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकान पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते हैं। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 07/10/2024 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी, जोन उत्तर अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नियमन/2024-25/501 दिनांक 17/10/2024

लोक सूचना

निम्नांकित खातेदारों ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वाचन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात -

क्र. सं.	आवेदक का नाम	ग्राम	खसरा नं.	क्षेत्रफल हैक्टेयर में
1	1. अलोली देवी पुत्री भंवरलाल हिस्सा 1/5 जाति जाट सा. देह खातेदार 2. प्रहलाद पुत्र भंवरलाल हिस्सा 1/5 जाति जाट सा. देह खातेदार। 3. रेखा देवी पुत्री भंवरलाल हिस्सा हिस्सा 1/5 जाति जाट सा. देह खातेदार। 4. सुमित्रा चौधरी पुत्री भंवरलाल हिस्सा 1/5 जाति जाट सा. देह खातेदार। 5. हरचन्द पुत्र भंवरलाल हिस्सा 1/5 जाति जाट सा. देह खातेदार।	गढीथोरियान	744 746 751	0.2185 हैक्टेयर 0.1295 हैक्टेयर 0.2752 हैक्टेयर
2	1. अलोली देवी पुत्री भंवरलाल हिस्सा 1/10 जाति जाट सा. देह खातेदार। 2. प्रहलाद पुत्र भंवरलाल हिस्सा 1/10 जाति जाट सा. देह खातेदार। 3. रेखा देवी पुत्री भंवरलाल हिस्सा हिस्सा 1/10 जाति जाट सा. देह खातेदार। 4. सुमित्रा चौधरी पुत्री भंवरलाल हिस्सा 1/10 जाति जाट सा. देह खातेदार। 5. हजारी सिंह पुत्र चुना सिंह हिस्सा 1/2 जाति रावत नि. 23/542, चौपासनी हाउसिंग बोड जोधपुर खातेदार। 6. हरचन्द पुत्र भंवरलाल हिस्सा 1/10 जाति जाट सा. देह खातेदार।	गढीथोरियान	747	0.0445 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 (क) और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधिन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष के समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज दिनांक 13/10/24 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी नगर परिषद ब्यावर